भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 826**
दिनांक 04.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल कनेक्शनों में कमी**

**†826. श्री जगन्नाथ सरकारः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या यह सच है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए परिवारों की संख्या में पिछले वर्षों की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान कमी आई है;
(ख) यदि हां, तो वर्ष 2020-21 तथा 2023-24 में तेजी तथा बढ़े हुए लक्ष्यों के बावजूद कवरेज में कमी के क्या कारण हैं;
(ग) क्या राज्य सरकारों द्वारा निधि जारी करने, टेंडरिंग या लागू करने में देरी की वजह से यह कमी आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) सरकार इस योजना में पहले जैसी तेजी लाने और निर्धारित समय में 'हर घर नल से जल' मिशन का लक्ष्य हासिल करने के लिए क्या सुधारात्मक कदम उठा रही है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (घ): भारत सरकार अगस्त 2019 से राज्यों की भागीदारी से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल जल आपूर्ति का प्रावधान करने हेतु जल जीवन मिशन को पांच साल की अवधि के लिए कार्यान्वित कर रही है।

मिशन की शुरुआत में, केवल 3.23 करोड़ (16.7%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। मिशन के शुभारंभ के समय शेष सभी ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया था। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किए गए अनुसार, 2023-24 तक 11.38 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन

प्रदान किए गए थे। इसके अलावा, 2024-25 में, लगभग 94.43 लाख परिवारों और 2025-26 (02.12.2025 तक) में 18.81 लाख परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 02.12.2025 तक, देश के 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 15.75 करोड़ (81.37%) से अधिक परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है।

जल जीवन मिशन के शुभारंभ के समय, सरकार ने राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 2,08,652 करोड़ रुपये के केंद्रीय परिव्यय की सहायता को भी मंजूरी दी थी। स्वीकृत केंद्रीय परिव्यय का 2024-25 तक लगभग पूरा उपयोग किया जा चुका है।

जल राज्य का विषय होने के कारण, राज्यों को सलाह दी गई है कि वे अपने स्वयं के संसाधनों से चल रहे कार्यों का कार्यान्वयन जारी रखें। इसके अलावा, अब तक हासिल की गई प्रगति और चल रहे कार्यों को ध्यान में रखते हुए, माननीय वित्त मंत्री ने बजट घोषणाओं 2025-26 के माध्यम से कुल परिव्यय में वृद्धि के साथ दिसंबर 2028 तक जल जीवन मिशन के विस्तार की घोषणा की है।

*****